कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गाजीपुर।

स्वच्छकार भर्ती विज्ञप्ति संख्या-01, दिनांकित 07-06-2019

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या 3908/Main-A/Admin.'D' Section/Allahabad, दिनांक 02-04-2019 द्वारा शासनादेश संख्या-1963/VII-Nyaya-2-2000-41G/97, Dated 19-10-2010 सपठित G.O. No. 15/2016/1111-VII-Nyaya-2-2016-41G/97, Dated 10-08-2016 के अन्तर्गत इस अधिष्ठान में अंशकालिक स्वच्छकार रु० 6000/- प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर नियुक्त किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी है।

अतएव जो व्यक्ति कक्षा 06 उत्तीर्ण है और स्वच्छकार के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक है, वे अपना-अपना आवेदन पत्र दिनांक 01-07-2019 साय 4:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से अवश्य जमा/ भेज देवे।

आवेदन पत्र की शर्ते निम्नवत हैः-

1- आवेदक की उम्र दिनांक 01-07-2019 को 18 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा कक्ष 06 उत्तीर्ण हो।

2- नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

3- लिखित अथवा मौखिक परीक्षा हेतु उपस्थित होने पर उन्हें कोई भी यात्रा भत्ता व खुराक भत्ता देय नहीं होगा।

4- आवेदक यदि स्वच्छकार के रुप में किसी भी विभाग/कार्यालय में कार्य कर चुका है, तो उसे वरीयता दी जाएगी, इसके समर्थन में प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5- आवेदक, आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक, आवासीय, अनुभव एवं जाति प्रमाण पत्र जो स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित हो, अवश्य संलग्न करें।

6- आवेदक इस आशय का शपथ पत्र अवश्य प्रस्तुत करें कि उनके विरुद्ध कोई भी दाण्डिक वाद किसी न्यायालय में लम्बित नहीं है और न ही उन्हें किसी भी न्यायालय द्वारा कभी दण्डित किया गया है।

7- स्वच्छकार की पूर्णकालिक नियुक्ति किसी भी दशा में नहीं की जाएगी, बल्कि संविदा के आधार पर उससे कार्य लिया जाएगा।

8- आवेदन पत्र का प्रारुप निम्नवत है:-

1- आवेदक का नाम-

2- पिता का नाम

3- पूर्ण पता मोबाईल नम्बर सहित-

4- शैक्षिक योग्यता का विवरण-

5- श्रेणी जैसे(सामान्य /पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति/ अनुसुचित जनजाति) का उल्लेख अवश्य करे तथा इसके समर्थन में प्रमाण पत्र-पत्र भी संलग्न करे।

6- अन्य/विशेष-

दिनांक: 07-06-2019

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर,
दिनांक सहित।

(मोहम्मद रिजवानुल हक)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष स०-1
अध्यक्ष, भर्ती/ परीक्षा समिति,
जनपद न्यायालय, गाजीपुर।